भर्ती हेतु सूचना
परामर्शदाता – स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मानव संसाधन (एनएचएसआरसी)

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के एक अंग के रूप में राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रणाली संसाधन केंद्र (एनएचएसआरसी) का गठन किया गया था। यह सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को सुदृढ़ बनाने हेतु राज्यों को तकनीकी सहायता, कार्यान्वयन सहयोग एवं क्षमता विकास में सहयोग प्रदान करने हेतु एक स्वायत्त, पंजीकृत सोसायटी है।

एनएचएसआरसी, पूर्णतः संविदा आधार पर परामर्शदाता (एचआर फॉर हेल्थ) के पद के लिए पात्र अभ्यर्थियों से आवेदन आमंत्रित करता है।

भूमिकाएं एवं दायित्वः

- प्रमुख निर्णयकर्ताओं के लिए इनपुट सहित स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मानव संसाधन, स्वास्थ्य प्रणालियों और स्वास्थ्य जरूरतों संबंधी सूचना का सुव्यवस्थित संग्रह, अभिलेखन और प्रस्तुति।
- एचएमआईएस और अन्य स्वास्थ्य स्रोतों से प्राप्त आंकडों एवं निर्णकर्ताओं के लिए इनके उपयोग और राज्यों एवं जिलों को इसके सहयोग का विश्लेषण/समीक्षा करना।
- महामारी विज्ञान और एचएमआईएस इनपुट, दोनों का उपयोग करते हुए राज्य एवं जिला स्वास्थ्य सेवाओं के लिए मानव संसाधन योजनाएं बनाने और योजनाओं की समीक्षा करने एवं उनमें सुधार करने के लिए जिला और राज्य स्तर पर क्षमताएं विकसित करना और आवश्यकतानुसार बजट निर्माण एवं वित्तीय नियोजन के लिए सहयोग प्रदान करना।
- स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ीकरण और स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन के क्षेत्रों में तकनीकी सहायता प्रदान करना।
- रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सौंपे गए अन्य कार्य करना।

पात्रताः

- स्नातकोत्तर उपाधि सहित एमबीबीएस या योग्यता उपरांत एक वर्ष के अनुभव सहित जन स्वास्थ्य, सामुदायिक स्वास्थ्य, निवारक एवं सामाजिक चिकित्सा में उच्चतर शैक्षणिक योग्यता। इसके अतिरिक्त, जन स्वास्थ्य, सामाजिक विज्ञान या तत्सबंधी क्षेत्र में स्नातकोत्तर शैक्षणिक योग्यता और दो वर्षों के सुसंगत कार्य अनुभव रखने वाले गैर–एमबीबीएस उपाधिधारक अभ्यर्थी भी आवेदन करने के पात्र हैं।
- स्वास्थ्य के लिए मनव संसाधन, स्वास्थ्य प्रणालियों या जन स्वास्थ्य के क्षेत्र में प्रकाशित कार्य। (वांछनीय)
- स्वास्थ्य के लिए मानव संसाधन या स्वास्थ्य सेवा सुदृढ़ीकरण के क्षेत्र में कार्य अनुभव/दक्षता को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
- एमएस वर्ड, एक्सेल, पॉवर पाइंट जैसे आम तौर पर उपयोग किए जाने वाले पैकेजों और सुसंगत डेटा एवं डॉक्युमेन्ट्स को सर्च करने के लिए वेब सर्फिंग की उच्च स्तरीय जानकारी सहित कंप्यूटर दक्षता।
- उत्कृष्ट संप्रेषण एवं प्रस्तुति कौशल, विश्लेषणात्मक एवं अंतर्वैयक्तिक योग्यताएं, अंग्रेजी भाषा में उत्कृष्ट मौखिक और लिखित संप्रेषण कौशल।
- बहु–क्षेत्रीय टीम परिवेश में कार्य करने की प्रदर्शित योग्यता।
- फील्ड स्तर पर स्वास्थ्य कार्यक्रम के संचालन/जिला स्तर की स्वास्थ्य प्रणालियों को सुदृढ़ करने हेतु कार्य करने के प्रदर्शित अनुभव को अतिरिक्त योग्यता माना जाएगा।
- तकनीकी सहायता प्रदान करने के लिए राज्यों और जिलों की यात्रा करने के इच्छुक और कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में संपन्न करने के लिए एक ही समय में विभिन्न कार्यों को करने की योग्यता।
- कुछ विशिष्ट क्षेत्रों में कार्य संबंधी तकनीकी दक्षता या आंशिक अनुभव वांछनीय है– इनमें, मूल्यांकन तकनीकें और स्टडी डिजाइन, नीति निर्माण कार्य, आंकड़ा समीक्षा, रिपोर्ट लेखन इत्यादि शामिल हैं।
- **आयु सीमाः अधिकतम 40 वर्ष (आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि को)**
- गुणवत्तापूर्ण प्रकाशित कार्य या विनिर्दिष्ट सुसंसगत कार्य अनुभव होने पर औपचारिक शैक्षिक योग्यता और अनुभव में ढील दी जा सकती है।
- **पैनल द्वारा मूल्यांकन किए गए कौशल/ज्ञान के स्तर के आधार पर संगठन में वास्तविक पदनाम का निर्धारण किया जाएगा, केवल अनुभव के वर्षों के आधार पर नहीं।**

कार्य स्थलः नई दिल्ली, आवश्यकतानुसार राज्यों एवं जिलों की यात्रा करने को इच्छुक
पारिश्रमिक सीमाः प्रतिमाह 40,000/– रु. से 90,000/– रु. के बीच

जीवन–वृत्त (रिज्यूमे), **ई–मेल द्वारा consultant.hrh@nhsrcindia.org पर** या डाक द्वारा/दस्ती रूप से एचआर प्रबंधक, एनएचएसआरसी, एनआईएचएफडब्ल्यू परिसर, बाबा गंग नाथ मार्ग, मुनिरका, नई दिल्ली– 110067 को **दिनांक 20-Jun-2016 को अपराह्न 4 बजे तक** पहुंच जाने चाहिए।

नोटः

- अपने जीवन–वृत्त (रिज्यूमे) में आयु, डिग्रियां प्राप्त करने के वर्ष, वर्तमान और पूर्व नियुक्तियों की तिथियों का उल्लेख करना अनिवार्य है, इनके बिना इसे स्वीकार नहीं किया जाएगा।
- कृपया डाक द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में लिफाफे के ऊपर तथा ई–मेल द्वारा भेजे गए आवेदनों के मामले में विषय पंक्ति में आवेदित पद का नाम अवश्य लिखें, इसके बिना आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे।